**Need to set up a Textile Park in Bhilwara, Rajasthan under PM MITRA Scheme-Laid**

**श्री दामोदर अग्रवाल (भीलवाड़ा) :** मेरा लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा एक सुविख्यात वस्त्र व्यापार का केंद्र होकर मैनचेस्टर ऑफ़ इंडिया कहलाता है जिसमें प्रति माह 9 करोड़ मीटर कपड़ा उत्पादन, 50,000 से अधिक रोजगार सृजन, 30 हज़ार करोड़ रूपये का सालाना टर्नओवर एवं 6,000 करोड़ रूपये का वार्षिक निर्यात होता है । 2022-23 के केंद्रीय बजट में पीएम मित्र योजना के तहत टेक्सटाइल पार्क की स्थापना का प्रावधान किया गया, परन्तु तत्कालीन राज्य सरकार ने ऐसी जगह का प्रस्ताव भेजा जो कि तकनीकी रूप से फिजिबल नहीं होने के कारण निरस्त हो गया । राज्य सरकार ने भीलवाड़ा में टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने की इच्छा से 1293 बीघा जमीन आवंटित कर रिज़र्व भी कर दी है । मेरा केंद्र सरकार से आग्रहपूर्वक निवेदन है कि आने वाले बजट में पीएम मित्र योजना के अंतर्गत टेक्सटाइल पार्क के प्रावधान की घोषणा करे, ताकि वस्त्र नगरी भीलवाड़ा की बहुप्रतीक्षित टेक्सटाइल पार्क की योजना धरातल पर उतर सके । टेक्सटाइल पार्क के स्थापित होने से इस क्षेत्र में नए व्यापार और रोज़गार का सृजन होगा और निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी ।